**प्रेस नोट**
**दिनांक 13.10.2025**

**मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं से किया गया संवाद, "एक दिन की थाना प्रभारी" बनकर छात्रा ने संभाली जिम्मेदारी–**

गोण्डा। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 13.10.2025 को महिला थाना गोण्डा परिसर में एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गोण्डा की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, जागरूकता एवं पुलिस तंत्र के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा की गई। उन्होंने विद्यालय से आयी हुई छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके विद्यालय आने–जाने के दौरान आने वाली कठिनाइयों एवं असुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें यह विश्वास दिलाया कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा और सहयोग हेतु तत्पर है। महोदय द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर, सजग एवं सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें प्रमुख रूप से 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला समग्र सहायता हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर ठगी हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्डलाइन) शामिल हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे निःसंकोच इन हेल्पलाइन नम्बरों के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते प्रचलन पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए महोदय ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी एवं साइबर बुलिंग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या ऑनलाइन ऑफर पर भरोसा न करें तथा अपने व्यक्तिगत डाटा या पासवर्ड किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। तत्पश्चात महोदय द्वारा छात्राओं को महिला थाना का कैदी गृह, सीसीटीएनएस ऑफिस, मिशन शक्ति केन्द्र, डायल–112 की गाड़ियों सहित पुलिस की कार्यवाही एवं तंत्र की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। छात्राओं ने पुलिस कार्यशैली को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा कि किस प्रकार पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सहायता में सतत् कार्यरत रहती है। इस अवसर पर छात्राओं में से **कोमल मिश्रा नाम की छात्रा को "एक दिन की महिला थाना प्रभारी"** नामित किया गया। उन्होंने महिला थाना का दायित्व संभाला तथा थाने में आने वाले फरियादियों की जनसुनवाई की। छात्राओं ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी, महिला बीट पुलिस अधिकारीगण एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा भी छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं कानून संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मिशन शक्ति अभियान से संबंधित जागरूकता पंपलेट्स भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की एवं पुलिस अधीक्षक महोदय से संवाद के दौरान अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका समाधान उन्हें सहज, प्रेरक एवं आत्मविश्वासपूर्ण रूप में प्रदान किया गया।

**इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी, डायल–112 प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक, विद्यालय के अध्यापकगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**